# श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय
बादशाहीथौल (टिहरी गढ़वाल) उत्तराखण्ड-२४९१९९
# Sri Dev Suman Uttarakhand University
Badshahithaul (Tehri Garhwal) Uttarakhand - 249199

पत्रांकः–813 /प्रशासन/एसडीएसयूवी/2024 — दिनांकः 20 मई, 2024

सेवा में,

1. निदेशक,
पं०ल०मो०शर्मा परिसर, ऋषिकेश।

2. प्राचार्य,
समस्त राजकीय/अशासकीय महाविद्यालय/निजी शिक्षण संस्थान,
सम्बद्ध
श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय,
बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल।

**विषय–** **शैक्षणिक सत्र 2024–25 हेतु समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश प्रकिया के व्यापक प्रचार प्रसार एवं स्टूडेन्ट फैसिलिटी सेन्टर स्थापित करने विषयक।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक उत्तराखण्ड शासन के पत्र संख्या–465/XXIV–C–1/2024–12(12)/2024 दिनांक 17 मई, 2024 की प्रति संलग्न, का अवलोकन करने का कष्ट करें। सन्दर्भित पत्र द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त राजकीय/अशासकीय महाविद्यालयों/निजी शिक्षण संस्थानों द्वारा समर्थ पोर्टल लिंक http://ukadmission.samarth.ac.in एवं QR कोड को महाविद्यालयों की वैवसाईट पर प्रदर्शित करते हुये महाविद्यालय/संस्थान स्तर से विभिन्न मीडिया माध्यमों (प्रिन्ट, इलेक्ट्रोनिक एवं सोशल मीडिया) से प्रचार प्रसार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार अपने–अपने परिसरों/महाविद्यालयों/संस्थानों की आधिकारिक वैबसाईट पर समर्थ पोर्टल लिंक http://ukadmission.samarth.ac.in एवं QR कोड को प्रदर्शित करते हुये अपने स्तर से विभिन्न मीडिया (प्रिन्ट, इलेक्ट्रोनिक एवं सोशल मीडिया) से प्रचार प्रसार करना कष्ट करें।

महाविद्यालय/संस्थानों के प्राचार्यगणों से यह भी अपेक्षा की जाती है कि महाविद्यालय/संस्थान के निकटस्थ इण्टरमीडियेट विद्यालयों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, पूर्व छात्र समूहों एवं व्यापार मण्डल आदि के माध्यम से भी छात्रों हेतु प्रवेश प्रकिया का संवेदीकरण सहित व्यापक प्रचार प्रसार करने का कष्ट करें।

**संलग्नक–यथोपरि।**

भवदीय,

(के0 आर0 भट्ट),
कुलसचिव।

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**

1. निजी सचिव कुलपति को, मा0 कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. श्री दीपक उपाध्याय को इस आशय के साथ कि उपरोक्तानुसार समर्थ पोर्टल लिंक एवं QR कोड को विश्वविद्यालय की आधिकारिक वैबसाईट पर अपलोड करने के साथ विभिन्न मीडिया (प्रिन्ट, इलेक्ट्रोनिक एवं सोशल मीडिया) से प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करें।
3. कार्यालय प्रति।

(के0 आर0 भट्ट),
कुलसचिव।

E:\Rawat\Office Work\Forwording

संख्या– 465 /XXIV-C-1/2024-12(12)2024

प्रेषक,

**शैलेश बगौली ,**
**सचिव, उच्च शिक्षा,**
**उत्तराखण्ड शासन।**

सेवा में,

1. **कुलसचिव,**
   **समस्त राज्य विश्वविद्यालय,**
   **उत्तराखण्ड।**

2. **निदेशक (उच्च शिक्षा)**
   **उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तराखण्ड**
   **हल्द्वानी (नैनीताल)।**

**उच्च शिक्षा अनुभाग–1 (समर्थ पोर्टल)** **दिनांकः 17 मई, 2024**

**विषयः–शैक्षणिक सत्र 2024–25 हेतु समर्थ प्रवेश पोर्टल के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया के व्यापक प्रचार प्रसार एवं स्टूडेन्ट फैसिलिटी सेन्टर स्थापित करने विषयक।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक शैक्षणिक सत्र 2024–25 की स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश प्रक्रिया समर्थ प्रवेश पोर्टल के माध्यम से दिनांक 30 अप्रैल 2024 से प्रारम्भ किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से राज्य के समस्त शासकीय/अशासकीय/निजी महाविद्यालयों एवं राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा प्रवेश प्रक्रिया संपादित की जानी है। समर्थ पोर्टल में अभ्यर्थियों द्वारा **दिनांक 31 मई 2024 तक** पंजीकरण किया जायेगा एवं **दिनांक 01 जून 2024** से मेरिट के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ की जायेगी।

अतः अपने स्तर से समस्त विश्वविद्यालय परिसरों एवं संबंधित महाविद्यालयों को निर्देशित करने का कष्ट करें कि उक्त पोर्टल का लिंक (https://ukadmission.samarth.ac.in) एवं QR कोड (संलग्न) विश्वविद्यालय/महाविद्यालय की वैबसाईट पर प्रदर्शित करते हुए अपने स्तर से भी विभिन्न मीडिया माध्यमों (प्रिन्ट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया) से प्रचार एवं प्रसार करना सुनिश्चित करें।

महाविद्यालय के प्राचार्य गण से यह भी अपेक्षा है कि महाविद्यालय के निकटस्थ इण्टरमीडिएट विद्यालयों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, पूर्व छात्र समूहों व्यापार मण्डल आदि के माध्यम से भी छात्रों हेतु प्रवेश प्रक्रिया का संवेदीकरण सहित व्यापक प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करें।

साथ ही प्रत्येक विश्वविद्यालय/महाविद्यालय स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी छात्रों की सुविधा हेतु स्टूडेन्ट फैसिलिटी सेन्टर स्थापित करते हुए प्रवेश हेतु इच्छुक विद्यार्थियों को समस्त वांछित सहयोग प्रदान किया जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय

**(शैलेश बगौली)**
**सचिव**

संख्या– 465 /XXIV-C-1/2024-12(12)2024 तददिनांक ।
**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. मा0 कुलपति, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल/श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय/सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा / दून विश्वविद्यालय, देहरादून।
2. प्राचार्य, समस्त संबद्ध राजकीय महाविद्यालय/अनुदानित महाविद्यालय, उत्तराखण्ड द्वारा निदेशक, उच्च शिक्षा।
3. प्राचार्य, समस्त निजी महाविद्यालय, उत्तराखण्ड द्वारा संबंधित कुलसचिव संबद्धता विश्वविद्यालय।

**(शैलेश बगौली)**
**सचिव**